मैया का फ़कीर

मैया..... ओ मेरी माँ.....
गली गली गाता जाये मैया का फ़कीर,
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर,
गली गली गाता जाए.........

सारे खुशहाल होवे किसी को ना दुःख होवे,
किसी को भी किसी से ना मांगने की भूख होवे,
कोई ना बीमारी होवे स्वस्थ रहें शरीर,
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर,
गली गली गाता जाए.........

कोई भी बाँझ होवे गोद हरी भरी होवे,
सब पे माँ भंवरो वाली दया तेरी बड़ी होवे,
तेरे हाथों में मैया सबकी तक़दीर,
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर,
गली गली गाता जाए.........

जहाँ भी मैं देखूं दाती तेरा दीदार होवे,
हर तरफ माँ भवरो वाली तेरी जय जैकार होवे,
घर घर लगी रहे तेरी तस्वीर,
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर,
गली गली गाता जाए.........

अच्छी औलाद होवे घर सारे सुखी होवे,
माता पिता ना मैया बच्चो से दुखी होवे,
मिल जुल कर रहें सभी हरो सबकी पीड़,
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर,
गली गली गाता जाए.........

तेरा दरबार होवे सच्ची सरकार होवे,
दर पे माँ सवालियों की लगी कतार होवे,
चंचल के दिल में सदा तेरी तस्वीर,
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर,
गली गली गाता जाये मैया का फ़कीर,
माओं के बेटे जीवे बहनो के वीर......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23820/title/mayia-ka-fakeer

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |